ST. MONTFORT SCHOOL, BHOPAL

PLANTATION DAY – VAN MAHOTSAV DAY-2023

"Trees are the saviour of our life"

With the true spirit in the premises St. Montfort School celebrated Van Mahotsav in its special morning assembly held on 3rd July 2023 (Monday).

In the presence of Principal, Vice Principal, co-ordinators, staff and the students all together, special assembly started with the prayer followed by the special prayer song. Special Chief guest Mr. Rajesh Prasad Mishra retired IAS officer state Secretary Bharat Scout Guide MP along with the other guest Mr Rajeev Jain State commissioner Rover Bharat Scout guide MP, Mr. B.L Sharma State Training Commissioner Scout, Bharat Scout guide MP were invited for the occasion. Our students enacted a short play which displayed how cutting of trees could be harmful for the environment. Students presented a thoughtful programme, highlighted the importance of trees for us. Saplings were planted by the chief guest, school Principal, co-ordinators along with Scout & Guide teachers in the school premises. Students performed a graceful dance followed by the lovely song to give message of preventing the flora. The significance of the day was also explained. Chief guest Mr Rajesh Prasad Mishra motivated students to love the nature he explained how to bring awareness about the green cover around us. Students got to learn a lot.

Principal, Rev. Bro. Monachan K.K. encouraged students to preserve trees it is the responsibility of each citizen to save green by taking care and protecting them. The programme was concluded with the National Anthem.

Geeta Ghodke

सेंट मोंटफोर्ट स्कूल भोपाल
विशेष सभा (स्पेशलअसेंबली)
वन महोत्सव(Plantation Day)"सत्र 2023- 24"

"वृक्षारोपण है प्रकृति का मान, आओ पेड़ लगाकर करो इसका सम्मान। "

आज दिनांक 3 जलाई 2023 दिन मंगलवार को विद्यालय के प्राचार्य रेव.ब्रदर मोनाचन के. के. , सभी कोऑर्डिनेटर, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में सेंट मोंटफोर्ट स्कूल भोपाल में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में स्पेशल असेंबली विद्यालय के मुख्य मंच पर प्रस्तुत की गई। इसमें कुछ मुख्य विशिष्ट अतिथियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री राजेन्द्र प्रसाद सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ,राज्य सचिव भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश थे। गणमान्य अतिथियों की सूची में श्री राजीव जैन राज्य आयुक्त रोवर, भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश और श्री बी. एल. शर्मा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त ,स्काउट भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।
असेम्बली का आरम्भ एक सुन्दर प्रार्थना गीत द्वारा हुआ। इसके पश्चात एक विशेष प्रार्थना प्रस्तुत की गई। प्रस्तुतियों को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों द्वारा आज के दिन के महत्व को बताया गया।इसके बाद कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण भाग पौधारोपण विद्यालय के मंच पर किया गया, जिसमें सभी मुख्य अतिथियों, विद्यालय के प्राचार्य महोदय एवं सभी समन्वयकों ने एक -एक पौधा गमले में रोपित किया। इसी श्रंखला में आदरणीय प्राचार्य द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का सम्मान शाल तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया।
पौधा रोपण के बाद प्रकृति से सम्बंधित मधुर गीत की प्रस्तुति की गई । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए हमारे जीवन में वृक्षों के महत्व को एक मनमोहक नृत्य नाटिका द्वारा दर्शाया गया।
माननीय मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को वृक्षारोपण तथा स्काउट एंड गाइड के प्रति प्रेरित किया गया।
असेंबली के अंतिम भाग में विद्यालय के प्रचार्य रेव.ब्रदर मोनाचन के. के. द्वारा वन महोत्सव दिवस के महत्व के बारे में और अधिक प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात असेंबली का समापन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया।
अंत में राष्ट्र गीत के साथ असेंबली का समापन हुआ।

हिमानी सेन